गरीबी में भारी गिरावट का दावा करने वाली विश्व बैंक की रिपोर्ट आने के सिर्फ दो दिन पहले केपीएमजी-इंडिया ने बताया था कि भारत की 35 फीसदी आबादी कुपोषण या खाद्य असुरक्षा से ग्रस्त है। विश्व बैंक के मुताबिक भारत की अब सिर्फ 2.6 फीसदी आबादी चरम गरीबी की अवस्था में है। विश्व बैंक की चरम गरीबी का फॉर्मूला 2021 के कीमतों के मुताबिक क्रय शक्ति समतुल्यता (पीपीपी) पर प्रति दिन प्रति व्यक्ति खर्च क्षमता तीन डॉलर यानी लगभग 63 रुपये है। बैंक ने कहा कि 2011-23 के बीच भारत में 49 करोड़ 60 लाख लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया। अब इस रेखा के नीचे भारत में अब केवल लगभग 14 प्रतिशत आबादी है। बैंक की गरीबी रेखा प्रति दिन पीपीपी 4.2 डॉलर यानी लगभग 87 रुपये है। यानी मासिक तकरीबन 2,700 रुपये। घर में चार व्यक्ति हों, तो जिस परिवार की मासिक आय 10,800 रुपये है, विश्व बैंक की परिभाषा के मुताबिक वह गरीब नहीं है। अब इस रकम में कोई परिवार क्या उपभोग करेगा और उसका जीवन स्तर कैसा होगा, यह अंदाजा लगाया जा सकता है। इस रूप में सोचते हुए इस विडंबना को बेहतर समझा जा सकता है कि विश्व बैंक की ये रिपोर्ट आने के सिर्फ दो दिन पहले मार्केटिंग एजेंसी केपीएमजी- इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि भारत की 35.5 प्रतिशत आबादी यानी लगभग 52 करोड़ लोगों को क्रय शक्ति की कमी के कारण स्वस्थ और पौष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा है। केपीएमजी ने कहा कि भारत के पास अनाज की पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद देश की एक तिहाई से ज्यादा आबादी कुपोषण या खाद्य असुरक्षा से ग्रस्त है। तो ऐसे परस्पर विरोधी आंकड़ों को देख कर आम इनसान तो दूर, अर्थव्यवस्था को समझने वाले पढ़े-लिखे लोगों का भी दिमाग चकरा जाए, तो उसे स्वाभाविक ही माना जाएगा। और ऐसा नहीं है कि ऐसे अंतर्विरोध नासमझी या आंकड़ों के अभाव के कारण पैदा होते हैं। अब इस बारे में पर्याप्त अध्ययन है, जिसके मुताबिक चालू नीतियों और जारी आर्थिक सोच को वैध एवं आम जन में स्वीकार्य बनाने के लिए आंकड़ों की व्याख्या के तरीके गुजरे दशकों में इज़ाद किए गए। और जब मकसद जमीनी हकीकत को समझना नहीं, बल्कि नैटेरिव गढ़ना हो, तो फिर बात ही पलट जाती है। लेकिन नैरेटिव समस्या का समाधान नहीं हैं।

कैंसर की दवाओं को सस्ती बनाने की प्रक्रिया और मरीजों को प्राथमिकता

श्री जगत प्रकाश नड्डा

'कैंसर' शब्द पल भर में ही किसी परिवार की जिंदगी बदल देता है। इस बीमारी की पहचान होने के बाद, मरीजों व उनके परिजनों को इलाज, आर्थिक मामलों और भविष्य से जुड़े कई कठिन निर्णय लेने पड़ते हैं। कई परिवारों के लिए तो दवाओं का खर्च एक ऐसे समय में अतिरिक्त बोझ बन जाता है, जब सारे संसाधन मरीज को स्वस्थ करने में लगाए जाने चाहिए। एक करुणामयी स्वास्थ्य प्रणाली को सिर्फ बीमारी ही नहीं, बल्कि उससे पैदा होने वाली आर्थिक तंगी का भी समाधान निकालना चाहिए। इसी पहलू को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार ने कैंसर के इलाज को और अधिक किफायती बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाकर 137 चिन्हित गैर-अनुसूचित कैंसर-रोधी दवाओं के 'ट्रेड मार्जिन' को तर्कसंगत बना दिया है। इस उपाय के तहत, राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने 'ट्रेड मार्जिन' को अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) के अधिकतम 30 प्रतिशत तक सीमित कर दिया है और ये संशोधित कीमतें 9 नवंबर, 2026 से लागू हो गई हैं। उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट है: मरीज द्वारा चुकायी जाने वाली कीमत में अत्यधिक 'मार्क-अप' के बजाय वितरण संबंधी मार्जिन का उचित व तर्कसंगत समावेश होना चाहिए। इस कदम के नतीजे दवा की दुकानों पर साफनजर आने लगे हैं। कुल 80 से अधिक दवा कंपनियों ने 137 में से 121 दवाओं से जुड़े 1,366 उत्पादों के लिए संशोधित एमआरपी की सूचना दी है। इनमें से प्रत्येक 5 में से 4 से अधिक उत्पादों की कीमतें कम हो गई हैं। इन दवाओं में से लगभग आधे की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है और कुछ दवाएं तो अब पहले की तुलना में 96 प्रतिशत से भी कम कीमत पर मिल रही हैं। कीमोथेरेपी के कई दौर का खर्च उठाने वाले परिवार के लिए, इस कदम से इलाज के मासिक बिलों में काफी अंतर आ जाता है। पिछले वर्ष की खपत के आधार पर, मरीजों एवं उनके परिवारों को प्रत्येक वर्ष लगभग 3,500 करोड़ रुपये की बचत होने की उम्मीद है। यह वो रकम है जो अत्यधिक 'ट्रेड मार्जिन' में खप जाने के बजाय उनके घरेलू बजट में ही बनी रहेगी। यह निर्णय पिछले अनुभवों के आधार पर लिया गया है। वर्ष 2019 में, एनपीपीए ने 'ट्रेड मार्जिन के युक्तिकरण' (टीएमआर) की कवायद के तहत एक प्रायोगिक कार्यक्रम चलाया था जिसमें कैंसर की गैर-अनुसूचित श्रेणी की 42 दवाएं शामिल थीं। इससे 526 ब्रांडों की एमआरपी में 90 प्रतिशत तक की कमी आई थी। अब इसी प्रक्रिया को 137 दवाओं की एक बड़ी सूची तक बढ़ाया जा रहा है। इन दवाओं की पहचान एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर की गई है। इस विशेषज्ञ समिति में प्रमुख कैंसर विशेषज्ञ (ऑन्कोलॉजिस्ट), चिकित्सा विशेषज्ञ, अस्पताल विशेषज्ञ और सरकारी प्रतिनिधि शामिल थे। इस सूची को समय-समय पर अद्यतन किया जाता रहेगा। एक न्यायसंगत स्वास्थ्य व्यवस्था में दवाओं का किफायती होना जरूरी है। खासकर, भारत जैसे देश में। बाजार में उपलब्ध होने के बावजूद अगर किसी दवा को बहुत महंगी होने के कारण खरीदना संभव न हो पाए, तो वह मरीज के किसी काम की नहीं है। एनपीपीए 'आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955' के तहत जारी 'औषधि (मूल्य नियंत्रण) आदेश (डीपीसीओ), 2013' के जरिए दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करता है। जहां वह 'आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची' में शामिल जरूरी दवाओं की अधिकतम कीमतें (सीलिंग प्राइस) निर्धारित करता है, वहीं गैर-अनुसूचित दवाओं की कीमतों में हर वर्ष होने वाली बढ़ोतरी पर नजर भी रखता है। हालांकि, बाजार के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला कि कुछ गैर-अनुसूचित दवाओं के मामले में फैक्ट्री से निकलने वाली कीमत और ग्राहक द्वारा चुकाई गई कीमत के बीच का अंतर बहुत अधिक था। इनमें कैंसर की वैसी दवाएं भी शामिल थीं, जिनकी खुराकें इलाज के दौरान अक्सर कई बार और बार-बार लेने की जरूरत पड़ती है। व्यापार श्रृंखला (ट्रेड चैनल) में बहुत अधिक मार्जिन और इलाज के भारी खर्च को देखते हुए, सरकार ने इस विसंगति को दूर करने के लिए कदम उठाया है और मार्जिन को एमआरपी के 30 प्रतिशत तक सीमित कर दिया है। सरकार इस पहल को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी ध्यान दे रही है ताकि मरीजों और उनके परिजनों को टीएमआर का पूरा लाभ मिल सके। निर्माताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि संशोधित कीमतें हर फार्मेसी और अस्पताल तक पहुंचें। साथ ही, सभी फार्मेसियों और अस्पतालों को इन कीमतों को पारदर्शी तरीके से प्रदर्शित करना होगा और इनका सख्ती से पालन करना होगा। मरीज और उनकी देखभाल करने वाले लोग एनपीपीए की वेबसाइट और 'फार्मा सही दाम' ऐप पर इन संशोधित कीमतों को देख सकते हैं। अगर कोई फार्मेसी या अस्पताल निर्धारित कीमत से अधिक पैसे वसूलता है, तो वे इसकी शिकायत सरकार से कर सकते हैं। टीएमआर की प्रक्रिया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों से चल रहे स्वास्थ्य क्षेत्र के व्यापक बदलाव का एक हिस्सा है। इस सरकार ने स्वास्थ्य को केवल कुछ चुनिंदा लोगों के विशेषाधिकार के रूप में नहीं, बल्कि गरिमा, उत्पादकता और सामाजिक न्याय की नींव के रूप में देखा है। खासकर, समाज के सबसे गरीब तबके के लिए। 'आयुष्मान भारत' ने कमजोर परिवारों के लिए अस्पताल की सुविधाओं की सुलभता को आसान बना दिया है। सरकार ने कैंसर की रोकथाम, शुरुआती पहचान और समय पर इलाज के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत 'गैर-संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम' (एनपी-एनसीडी) के तहत, 500 से अधिक 'डे-केयर कैंसर सेंटर' स्थापित किए गए हैं ताकि कीमोथेरेपी तथा कैंसर संबंधी अन्य डे-केयर सेवाएं समय पर मिल सकें। 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' 30 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए कैंसर की आम बीमारियों की मुफ्त जांच की सुविधा प्रदान करते हैं, जिससे कैंसर का शुरुआती चरण में ही पता चल जाता है। तृतीयक स्तर की देखभाल (टर्शियरी केयर) को मजबूत करने हेतु, टाटा मेमोरियल सेंटर ने कैंसर की व्यापक देखभाल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वाराणसी, विशाखापत्तनम, न्यू चंडीगढ़, गुवाहाटी, संगरूर और मुजफ्फरपुर में छह अस्पताल स्थापित किए हैं। इसके अलावा, सभी 22 नए एम्स में भी जांच, चिकित्सा और सर्जरी की सुविधाएं सहित कैंसर उपचार सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। 'प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना' किफायती दामों पर अच्छी गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करती है। सरकार ने जीवन रक्षक एवं आवश्यक दवाओं को 50 से 90 प्रतिशत तक की छूट पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'अमृत' फार्मेसियां भी स्थापित की हैं। इलाज के खर्च को और कम करने के इरादे से कैंसर, दुर्लभ बीमारियों और पुरानी बीमारियों से जुड़ी 36 जीवन रक्षक दवाओं को मूल सीमा शुल्क (बेसिक कस्टम ड्यूटी) से पूरी तरह छूट दी गई है। कैंसर-रोधी दवाओं के 'ट्रेड मार्जिन' को तर्कसंगत बनाने की प्रक्रिया किफायती दवाएं उपलब्ध कराने की इसी व्यापक प्रतिबद्धता को और आगे बढ़ाती है। उतना ही महत्वपूर्ण बात यह है कि टीएमआर की प्रक्रिया इस तथ्य को रेखांकित करती है कि दवाओं का किफायती होना और फार्मास्यूटिकल उद्योग का स्वस्थ रूप से आगे बढ़ना, दोनों ही साथ-साथ चलने चाहिए। भारत का फार्मास्यूटिकल सेक्टर हमारी स्वास्थ्य सुरक्षा और दवाओं के वैश्विक आपूर्तिकर्ता के रूप में हमारी हैसियत में बराबर का हिस्सेदार है। यह सीमा (कैप) व्यापार श्रृंखला के मार्जिन पर लागू होती है, जबकि दवा निर्माताओं की बिक्री कीमत पर इसका कोई असर नहीं पड़ता। इस तरह, दवा निर्माताओं की वैध कमाई सुरक्षित रहती है। साथ ही अनुसंधान, विकास और नवाचार की प्रक्रिया में निवेश करते रहने की उनकी क्षमता भी बनी रहती है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, हम एक ऐसी स्वास्थ्य प्रणाली बनाने की दिशा में काम करना जारी रखेंगे जो मरीजों की सुरक्षा करे, नवाचार का सम्मान करे, जिम्मेदार उद्योग को समर्थन प्रदान करे और मानवीय गरिमा को केन्द्र में रखे। किसी देश के स्वास्थ्य तंत्र की सफलता को सिर्फ चिकित्सा तकनीक में हुई प्रगति के आधार नहीं, बल्कि वहां के लोगों को जरूरत के समय इन सुविधाओं की उपलब्धता के आधार पर ही आंका जा सकता है। स्वास्थ्य सेवा के कई पहलू होते हैं, लेकिन इसके केन्द्र में हर नागरिक के लिए किफायती, गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं होनी चाहिए। इस निर्णय के जरिए, सरकार ने एक सीधे एवं सरल सिद्धांत को फिर से दोहराया है: जीवन रक्षक दवाओं पर अत्यधिक मार्जिन होने के कारण किसी भी परिवार को ऐसी आर्थिक कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े, जिसे टाला जा सकता था।

(लेखक केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री हैं)

आलेख

यूपी में कांग्रेस क्या चाहती है?

किसी को समझ में नहीं आ रहा है कि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में आखिर क्या चाहती है? कांग्रेस पार्टी के नेता समाजवादी पार्टी से तालमेल में 180 सीटों की मांग कर रहे हैं। कई नेताओं ने तो दो सौ सीटों यानी बराबर सीटों की मांग कर दी है। उत्तर प्रदेश में इसके पोस्टर भी लग गए हैं। हालांकि कांग्रेस की इस मांग का कोई ठोस आधार नहीं है। कांग्रेस के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम का कहना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की जीत में राहुल गांधी का बड़ा योगदान था। इसलिए कांग्रेस को ज्यादा सीट चाहिए। ऐसे में सवाल है कि अगर राहुल गांधी के योगदान से समाजवादी पार्टी जीती तो खुद कांग्रेस क्यों नहीं जीत गई? 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा 63 सीटों पर लड़ी थी, जिसमें से 37 पर जीती। यानी उसका स्ट्राइक रेट 60 फीसदी रहा। दूसरी ओर कांग्रेस 17 सीटों पर लड़ी और उसमें से छह सीटों पर जीती। यानी उसका स्ट्राइक रेट 35 फीसदी रहा। अगर राहुल गांधी के कारण यूपी में गठबंधन जीत रहा था तो कांग्रेस की स्ट्राइक रेट भी 60 फीसदी के आसपास होनी चाहिए थी? जाहिर है कि उत्तर प्रदेश में विपक्षी गठबंधन की जीत में कांग्रेस का कोई खास योगदान नहीं था। गठबंधन की जीत में संविधान व आरक्षण बचाने के नैरेटिव, भाजपा के खिलाफ बने माहौल, सपा की सांगठनिक ताकत, उसके सामाजिक आधार और टिकट बंटवारे का बड़ा योगदान था। इसलिए कांग्रेस की अपनी ताकत का आकलन 2022 के विधानसभा चुनाव से करना चाहिए। उस समय कांग्रेस अकेले लड़ी थी तो उसे 2.33 फीसदी वोट और दो सीटें मिली थीं। सोचें, 399 सीटें लड़ कर कांग्रेस को सिर्फ दो सीटें मिलीं। दूसरी ओर सपा ने रालोद और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से तालमेल करके लड़ा और अकेले 111 सीटें जीतीं उसे 32 फीसदी से ज्यादा वोट मिले। इससे पहले 2017 में वह कांग्रेस के साथ लड़ी थी तो उसे सिर्फ 47 सीटें मिली थीं और वोट महज 21 फीसदी मिले थे। दो साल बाद 2019 में कांग्रेस और सपा अलग अलग लड़े। कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में सिर्फ एक सीट मिली थी। राहुल गांधी अमेठी सीट हार गए थे। दूसरी ओर सपा और बसपा के गठबंधन ने 15 सीटें जीती थीं, जिसमें से सपा को पांच और बसपा को 10 सीटें मिली थीं। सो, कांग्रेस को अपनी वास्तविक ताकत का आकलन 2017, 2019 और 2022 के चुनावों से करनी चाहिए। लेकिन वह 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजे की एकतरफा व्याख्या करके ज्यादा सीटों के लिए दबाव बना रही है। कांग्रेस पार्टी ऐसा इसलिए कर रही है क्योंकि उसको लग रहा है कि दलित और मुस्लिम मतदाताओं में उसकी पैठ बढ़ी है और वह इन दोनों का वोट ट्रांसफर कराने की स्थिति में है। कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि सपा के पास सिर्फ 10 फीसदी के करीब यादव का वोट है, जबकि 40 फीसदी के करीब मुस्लिम और दलित का वोट है, जिसका रूझान कांग्रेस की ओर है। हालांकि कम से कम मुस्लिम मतदाताओं के बारे में कहा जा सकता है कि वे अभी सपा के साथ हैं क्योंकि उनको लग रहा है कि सपा के पास एक अतिरिक्त वोट है, जिसके साथ जुड़ कर वे भाजपा को चुनौती दे सकते हैं। कांग्रेस इस बात को समझ रही है कि वह अकेले लड़ कर मुस्लिम वोट नहीं हासिल कर सकती है। तभी वह 180 सीटों का दबाव बना रही है ताकि मोलभाव करके वह अच्छी संख्या में और जीत सकने लायक सीटें हासिल कर ले। दूसरी ओर कांग्रेस के कई नेता मान रहे हैं कि भाजपा खेमे के सांसद परिमल नाथवानी के बेटे धनराज नाथवानी को राज्यसभा टिकट देने के मामले में सपा को एक्सपोज करके अगर कांग्रेस अकेले लड़े तो वह मुस्लिम और दलित वोट के साथ साथ ब्राह्मण वोट भी अपने साथ जोड़ सकती है। यानी सत्ता विरोधी वोट की बड़ी दावेदार बन सकती है। इसमें रिस्क यह है कि अगर यह फॉर्मूला पूरी तरह से कारगर नहीं हुआ यानी मुस्लिम, दलित और ब्राह्मण का वोट कांग्रेस के साथ नहीं आया तो कांग्रेस एक्सपोज हो जाएगी। उलटे कांग्रेस के अकेले लड़ने के कारण सत्ता विरोधी वोटों के बंटवारे का लाभ भाजपा को मिल गया तो वह तीसरी बार सरकार में आ जाएगी। इसका अखिल भारतीय असर कांग्रेस के लिए निगेटिव होगा। उस पर सपा को हरवाने और भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का आरोप लगेगा। एक हकीकत यह भी है कि कांग्रेस चाहती है कि किसी तरह से सपा की वैसी ही स्थिति हो जाए, जैसी तृणमूल कांग्रेस, राजद, आम आदमी पार्टी, शरद पवार की एनसीपी और उद्धव ठाकरे की शिव सेना की हुई है। चुनाव हारने या पार्टी टूटने के कारण ये दल कमजोर हुए हैं और इन दलों ने एक तरह से कांग्रेस का नेतृत्व स्वीकार कर लिया है। इनके नेता अब राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष की राजनीति करने के लिए तैयार हैं।

जनगणना के नए नियम पर विवाद क्यों

छह साल की देरी से हो रही जनगणना के लिए इसके नियमों में संशोधन किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन आने वाले भारत के महापंजीयक कार्यालय ने जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 18 की उपधारा एक के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए जनगणना नियम 1990 में कुछ और बदलाव करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। इनमें प्रस्तावित बदलावों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने आपत्ति दर्ज कराई है। कांग्रेस की आपत्तियों पर बात करने से पहले उन दो बदलावों को रेखांकित करने की आवश्यकता है, जो अपनी प्रकृति में बिल्कुल नई हैं। पहला, महापंजीयक कार्यालय ने पहली बार सरकारी स्कूलों व कार्यालयों के कर्मियों के साथ साथ निजी स्कूलों और ट्रस्टों के कर्मियों को भी जनगणना के काम में शामिल करने का प्रस्ताव किया है और दूसरा, किसी सामान्य नागरिक को भी बतौर वॉलंटियर इसमें शामिल करने का प्रस्ताव है। महापंजीयक कार्यालय की ओर से 16 अक्टूबर को जारी अधिसूचना के मुताबिक, 'ऐसा कोई व्यक्ति, जिसे राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन, प्रगणक के रूप में कर्तव्यों का निष्पादन करने के लिए उपयुक्त समझे' उसे जनगणना के काम में लगाया जा सकता है। कांग्रेस ने इस प्रस्ताव पर आपत्ति की है। कांग्रेस का कहना है कि राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के लोगों को जनगणना के काम में शामिल करने के लिए यह बदलाव किया जा रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया है कि इस साल 10 से 12 जुलाई को कर्नाटक के बेलगाम में आरएसएस के कार्यकर्ताओं का एक बड़ा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था, जिसका एकमात्र एजेंडा जनगणना 2027 था। उनका कनहा है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 26 मई 2026 को देश की बदलती डेमोग्राफी पर सुझाव देने के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया था। उस कमेटी में सभी सदस्य आरएसएस हैं और उसके सुझाव पर ही जनगणना के नियमों में बदलाव किया जा रहा है। कांग्रेस को आशंका है कि डेमोग्राफी पर बनी कमेटी और आरएसएस के लोगों को जनगणना में शामिल करके एसआईआर की तरह जनगणना के आंकड़ों में भी खतरनाक तरीके से हेरफेर किया जाएगा। हालांकि खतरनाक रूप से क्या हेराफेरी हो सकती है यह कांग्रेस ने नहीं बताया है। फिर भी कांग्रेस की आशंका को आधारहीन बता कर खारिज नहीं किया जा सकता है। लेकिन सवाल है कि क्या भारत में ऐसी एक व्यवस्था की आवश्यकता नहीं है, जहां वालंटियर्स यानी स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं की मदद से जनगणना, मतदाता सूची के पुनरीक्षण, सामाजिक व आर्थिक सर्वेक्षण, नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे जैसे काम कराए जाएं? ध्यान रहे दुनिया भर के देशों में ऐसी व्यवस्था है। पता नहीं कांग्रेस और दूसरी पार्टियों ने कभी इसका अध्ययन करने का प्रयास किया है या नहीं कि अमेरिका में लगभग पूरा चुनाव वालंटियर्स की देखरेख में होता है। वहां भारत के चुनाव आयोग जैसी कोई केंद्रीय संस्था नहीं है। राज्यों में अपनी अपनी संस्थाएं हैं। लेकिन उनमें भी बहुत लंबी चौड़ी वर्क फोर्स नहीं है और न चुनाव कराने के लिए स्कूलों के शिक्षक व सरकारी कर्मचारियों को बड़े पैमाने पर शामिल किया जाता है। थोड़े से सरकारी कर्मचारी और ढेर सारे वॉलंटियर मिल कर चुनाव कराते हैं। दशकों से ऐसे ही चुनाव होते हैं और डोनाल्ड ट्रंप के आने से पहले किसी ने चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप भी नहीं लगाए थे। भारत में इस तरह की व्यवस्था बनाने की बहुत आवश्यकता है। भारत में आजादी के बाद से ही तदर्थ प्रक्रिया चल रही है। सरकारी कर्मचारियों को और उसमें भी सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को किसी भी तरह की ड्यूटी में लगा दिया जाता है। मतदाता सूची का 'संक्षिप्त' या 'विशेष संक्षिप्त' या 'विशेष गहन' पुनरीक्षण होना है तो सरकारी शिक्षक करेंगे, मतदान कराना है तो सरकारी शिक्षक कराएंगे, मतगणना करनी है तो सरकारी शिक्षक करेंगे, सामाजिक व आर्थिक सर्वे करना हो, नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे करना हो, पशुओं की गिनती करनी हो, टीकाकरण करना हो, कोरोना या बाढ़ जैसी कोई महामारी में राहत बांटना हो, सारे काम सरकारी शिक्षकों को करने होते हैं। कुछ दिन पहले ही एक शिक्षक ने सोशल मीडिया में तंज करते हुए कहा कि वह तो अच्छा है कि सरकार कृषि कार्य नहीं कराती है अन्यथा फसलों की बुवाई, कटाई भी सरकारी स्कूल के शिक्षक करते। सचमुच ऐसी ही स्थिति है। इसका सीधा असर शिक्षा व्यवस्था पर पड़ता है। अभी एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है तो राजधानी दिल्ली जैसे राज्य में सैकड़ों स्कूल एक एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। सरकारी स्कूलों के शिक्षकों से ये सब काम कराने से साल के कई महीने तक पढ़ाई, लिखाई का काम लगभग पूरी तरह से ठप्प रहता है। सरकार ने अब अनुदान प्राप्त और बिना अनुदान वाले निजी स्कूलों के शिक्षकों को भी इसमें शामिल करने का प्रस्ताव दिया है। इससे वहां भी सरकारी स्कूलों जैसे ही पढ़ाई प्रभावित होगी। ऐसा लग रहा है कि सरकार स्कूली शिक्षा को पूरी तरह से बरबाद करने का संकल्प किए हुए है। वैसे पिछले दिनों आरएसएस से जुड़े रहे एक युवा स्कॉलर के मुंह से सुनने को मिला कि स्कूली शिक्षा को लेकर 'भाई साहेब' लोग क्या सोच रहे हैं। एक 'भाई साहेब' ने उस युवा स्कॉलर से कहा था कि कॉलेज पहुंचने वाले युवा इतने आंदोलित इसलिए हो रहे हैं क्योंकि देश में आज भी बड़ी संख्या में अच्छे स्कूल चल रहे हैं, जहां से वे पढ़ कर आते हैं। कॉलेज और यूनिवर्सिटीज की पढ़ाई और प्रशासन की व्यवस्था तो पिछले कुछ बरसों में पूरी तरह से बिगाड़ दी गई है। लेकिन चूंकि वे अच्छे स्कूल से आते हैं तो बिगड़े हुई व्यवस्था वाले कॉलेजों में एडजस्ट होने में उनको दिक्कत होती है। सो, इसका उपाय यह है कि स्कूली शिक्षा को भी वैसे ही बरबाद कर दिया जाए जैसे कॉलेज और यूनिवर्सिटीज को किया गया है। बहरहाल, अगर सरकार गंभीर है तो उसे कांग्रेस की आलोचना की परवाह नहीं करनी चाहिए और देश में ऐसे कामों के लिए वॉलंटियर्स का नेटवर्क तैयार करना चाहिए।

करों टैक्स में छूट....नहीं है समाधान...

डा. अश्विनी महाजन

वास्तव में विदेशी संस्थागत निवेशक कई अन्य कारणों से अपने शेयर बेच रहे हैं। सबसे पहला कारण अमरीका में ब्याज दरों में वृद्धि और अमरीकी सरकार के बांडों पर आकर्षक लाभ ह पिछले काफी समय से भारत के शेयर बाजारों में विदेशी संस्थागत निवेशक भारत में बिकवाली कर बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा बाहर ले जा रहे हैं। वर्ष 2026-27 के प्रथम 7 महीने से भी कम समय में अभी तक विदेशी संस्थागत निवेशक 1.7 लाख करोड़ रुपए की बिकवाली कर चुके हैं, जिससे रुपए पर दबाव बन रहा है और उसमें अवमूल्यन हो रहा था। नीति निर्माता चिंतित हैं और तरह-तरह से प्रयास कर उन्हें भारत की ओर आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। सरकार पर उन्हें पहले से अधिक रियायतें देने संबंधी दबाव भी बन रहा है। रियायतों का अंबार : यह तर्क दिया जा रहा था कि विदेशी संस्थागत निवेशकों को आकर्षित करने का एक महत्वपूर्ण तरीका करों में रियायत देने से संबंधित है। 5 जून 2026 को सरकार और रिजर्व बैंक ने स्वीकृत बांडों से होने वाले पूंजीगत लाभ को पूर्व के 12.5 प्रतिशत पूंजीगत लाभ कर और आयकर से छूट दी गई है। इसके अलावा पूर्व में जहां 15, 30 और 40 वर्ष के ब्रांड विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक नहीं खरीद सकते थे, लेकिन अब उन्हें इसकी अनुमति दी गई है। इसी प्रकार अन्य प्रकार की रियायतें भी विदेशी संस्थागत निवेशकों को दी गई हैं। लेकिन उसके बावजूद इन निवेशकों की बिकवाली बदस्तूर जारी है। लेकिन यह जरूर हुआ है कि अब विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सरकारी बांडों में निवेश बढ़ा दिया है। अब क्या मांग है विदेशी संस्थागत निवेशकों की? हालांकि सरकार ने विदेशी संस्थागत निवेशकों की सरकारी ऋण प्रतिभूतियों पर आयकर और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभों से छूट पहले ही दे दी है, अब उनकी मांग है कि उन्हें शेयरों पर मिलने वाले पूंजीगत लाभों और अन्य लाभों पर कर से छूट मिलनी चाहिए। गौरतलब है कि यह छूट उनको पहले भी प्राप्त थी। दूसरे, विदेशी निवेशक सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) में भी कमी चाहते हैं। गौरतलब है कि इस साल बजट में सरकार ने 'फ्यूचर और ऑप्शन' (एफएंडओ) में एसटीटी को बढ़ाया था। पिछले सालों में एफएंडओ की वजह से रिटेल इन्वेस्टरों को बड़ा घाटा उठाना पड़ा था और इसका फायदा बड़ी विदेशी कंपनियों ने उठाया। सेक्यूरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड (सेबी) की रिपोर्ट के



अनुसार 4850 करोड़ रुपए का गैर-कानूनी लाभ 'जेनस्ट्रीट' सरीखी कंपनी ने एफएंडओ से कमाया। कुल मिलाकर कंपनी ने जनवरी 2023 और मार्च 2025 के बीच 36700 करोड़ रुपए का लाभ कंपनी ने कमाया। यह लाभ वास्तव में छोटे निवेशकों का नुकसान है। तीसरे, विदेशी संस्थागत निवेशक चाहते हैं कि प्राइवेट एक्विटिविटी फंड टाइगर ग्लोबल, से संबद्ध मामले में जो सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आया है, उसके बारे में यह स्पष्ट करें कि 2027 के पूर्व के निवेश पर भारतीय टैक्स लागू होंगे अथवा नहीं। गौरतलब है कि 2017 में भारत ने मॉरीशस के साथ दोहरे टैक्स वचन समझौते में बदलाव कर दिया था और मॉरीशस के रास्ते आने वाले निवेश पर कर लगाने का निर्णय लिया था। चौथे, विदेशी संस्थागत निदेशक अन्य प्रकार से सुविधाएं चाहते हैं, जैसे टैक्स रिफंड को आसान बनाना, केवाईसी और लाभार्थी का खुलासा करने की अनिवार्यता से मुक्त किया जाए। समझा जा सकता है कि विदेशी संस्थागत निवेशक वे सभी सुविधाएं चाहते हैं जो अभी तक घरेलू निवेशकों को उपलब्ध नहीं हैं। करों में छूट अथवा मुक्ति अथवा केवाईसी नियमों में छूट आदि देश के लिए अमंगलकारी होते हैं। सर्वप्रथम, हालांकि सरकार ने पहले से ही सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश से आय और पूंजीगत लाभों को कर मुक्त कर दिया है, यदि शेयरों को भी करों से मुक्त किया जाएगा तो उसका नुकसान सरकारी राजस्व को होगा, जिससे भारत सरकार का राजकोषीय घाटा बढ़ सकता है, जो महंगाई बढ़ाने वाला और भविष्य की पीढ़ियों पर कर्ज भी बढ़ाने वाला है। गौरतलब है कि विदेशी संस्थागत निवेशकों को सरकारी बांडों पर पूंजीगत लाभ और आयकर में छूट से लगभग 10000 करोड़ के राजस्व का नुकसान होगा। अब जब विदेशी निवेशक यह मांग कर रहे हैं कि उन्हें शेयरों पर होने वाले पूंजीगत लाभ और आय पर भी कर की छूट मिले, तो यह नुकसान कई गुना होने की संभावना है। दूसरे, विदेशी निवेशकों पर कर में रियायत को भारतीय निवेशकों के साथ भेदभाव भी माना जा सकता है। इससे भारतीयों द्वारा बचत का प्रोत्साहन घटेगा, जिससे विदेशियों पर निर्भरता बढ़ सकती है। तीसरे, विदेशी निवेशकों की एसटीटी कम करने की मांग, आय निवेशक के लिए अत्यंत घातक है। 2026-27 के बजट में एसटीटी बढ़ाने के कारण एफएंडओ में छोटे निवेशकों का आकर्षण कम हुआ है, जिससे विदेशी संस्थागत निवेशकों का अनुचित लाभ कम हुआ है। ऐसे में एसटीटी को कम करने की मांग अनुचित तो है ही, यदि यह मांग मान ली जाएगी तो छोटे निवेशकों को बड़ा नुकसान जारी रहेगा। चौथे, विदेशी संस्थागत निवेशक चाहते हैं कि उनके लाभार्थी निवेशकों की जानकारी को गुप्त रखा जाए, इसलिए वे केवाईसी नियमों से छूट जाते हैं।

सीकर दीक्षा तीर्थ हैं, दीक्षा पाप कर्मों के प्रक्षालन के लिए ली जाती है आचार्य श्री वर्धमान सागर जी

सीकर (विश्व परिवार)। दिगंबर साधु के पास संतोष, धैर्य, उत्तम तप होता है उनका ज्ञान ही धन होता है साधु मुनि ,अनगार ,श्रमण यति होते हैं।अनगार का आशय जो घर में नहीं रहे अर्थात घर में निवास नहीं करें वह अनगार साधु होते हैं।श्री अजीत सागर जी ने सन 1961 में मुनि दीक्षा आचार्य शिवसागर जी से ली उस समय एक मुनि 4 आर्यिका एक क्षुल्लक ओर एक क्षुल्लिका कुल 8 दीक्षा हुई ।इसी चातुर्मास में 9 दीक्षा संस्कार हमारे द्वारा हुए। इसी सीकर नगर में जब आचार्य श्री धर्मसागर जी की सन 1987 में समाधि हुई तब समस्त संघ के साधुओं ने निर्णय कर लिखित पत्र पर हस्ताक्षर कर उन्हें संघ का नया आचार्य घोषित किया आचार्य हमेशा साधु ही बनाते हैं। यह मंगल देशना आचार्य श्री अजीत सागर जी महाराज के मुनि दीक्षा के 65वें दीक्षा वर्ष दिवस पर आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज ने आचार्य धर्म सागर सभागृह में व्यक्त किए। डॉ राजेश पंचोलिया के अनुसार आचार्य श्री



ने आगे बताया कि दीक्षा पाप कर्मों के प्रक्षालन के लिए ली जाती है दीक्षा संयम धारण कर समिति चिन्ह धर्म से पुरुषार्थ कर जीवन उन्नत बनाया जाता है सीकर नगर में अभी तक 17 दीक्षा हो गई है यह समाज के लिए गौरव की बात है आने वाली पीढ़ी को भी इतिहास पता लगे इसके लिए दीक्षाओं का, समाधि का इतिहास भवन में अंकित कराने की प्रेरणा दी। साधु के पास समता और ज्ञान रूपी धन रहता है वह तपस्या कर कर्मों को नष्ट करते हैं। इसके पूर्व संघ के गुरुजी श्री धर्मचंद शास्त्री सीकर ने आचार्य श्री अजित सागर जी के प्रति भावांजलि में बताया कि धर्म के अवसर छोड़ देने से उन्नति नहीं होती। महापुरुषों के नाम पूजन स्तुति करने से पाप कम होते हैं श्री विलोक मति जी ने बताया कि समय का उपयोग करते थे ट्रेन आने में समय था प्लेटफार्म पर तल्लीन होकर स्वाध्याय करने लगे ट्रेन आकर चली गई पता भी नहीं लगा वह भगवान पूर्वाचार्यों की पूजन संस्कृत में कराने की प्रेरणा देते थे मुनि श्री तप सागर जी ने आचार्य श्री अजित सागर जी के अनेक संस्मरण भाव विभोर होकर बताए आचार्य श्री अजित सागर जी ने आने का पत्र दिया जब मुनि श्री वर्धमान सागर जी ने दर्शन किये मुनि श्री ने नेत्रों की पावन धारा ने आचार्य श्री अजित सागर जी के चरण प्रक्षालन किए, वही आचार्य श्री अजित सागर जी के नेत्रों के प्रेमाश्रु मुनि श्री वर्धमान सागर के मस्तक पर प्रवाहित हो रहे थे ।आपके लिखित पत्र से आचार्य पद श्री वर्धमान सागर जी को दिया गया।मुनि श्री मुमुक्षु सागर जी ने पूर्वाचार्यों के गुण आचार्य श्री वर्धमान सागर जी में है ।स्वाध्याय का महत्व बताया मुनि श्री हितेन्द्र सागर जी ने सन 1961 के मुनियो साधुओं के नाम शिलालेख पर अंकित करने की प्रेरणा दी स्वाध्याय के लिए समय उपयोगकर्ता थे आचार्य श्री के मंचासीन होने पर दीप प्रवज्जलन, चरण प्रक्षालन कर जिनवाणी 20 पंथी मंदिर समिति,चातुर्मास कमेटी बाहर से आये संदीप सुदीप पारसोला ने किया आचार्य श्री अजित सागर जी पूजन श्री पद्म यश मति श्री दिव्य यश मति जी ने संस्कृत में कराई स्थापना, जल चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप फ्ल, अर्ध्य सीकर जैन समाज मंदिर कमेटी, चातुर्मास समिति विभिन्न धार्मिक मंडलों बाहर से आये डा राजेश पंचोलिया, धर्मचंद गुरुजी ने नृत्य पूर्वक अर्पित किये।वर्तमान में आचार्य श्री अजित सागर जी वर्तमान में श्री पुण्य सागर जी, आर्यिका श्री सौरभ मति, आर्यिका श्री चैत्यमति माताजी संयम साधना कर रहे है।

चार दिवसीय छठ महापर्व भव्यता एवं पारम्परिकता से मनाया जाएगा

- 13 नवंबर को नहाय खाय के साथ प्रारंभ
- छठ महापर्व स्वच्छता का सबसे बड़ा प्रतीक है



रायपुर (विश्व परिवार)। चार दिवसीय छठ महापर्व 13 नवंबर को नहाय खाय के साथ प्रारंभ हुआ। छठ महापर्व आयोजन समिति महादेवघाट रायपुर द्वारा आयोजित बैठक में समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से छठ पूजा 2026 को भव्यता एवं पारम्परिकता से मनाने का निर्णय लिया। आयोजन के लिए रुपरेखा तैयार की गई है। छठ पूजा इस वर्ष नवंबर 13 से प्रारम्भ हो गया।

पत्रकारवार्ता को सम्बोधित करते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि समिति ने इस वर्ष छठ पूजा भव्यता और उत्साह से मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि छठ पूजा छत्तीसगढ़ में रायपुर, बिलासपुर, भिलाई-दुर्ग, कोरबा, बस्तर एवं अन्य शहरों में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। रायपुर में छठ पूजा 50 से अधिक स्थानों जैसे खारुन नदी के महादेव घाट, व्यास तालाब और अन्य तालाबों के किनारे इस वर्ष भी छठ पूजा धूम-धाम से मनाया जाएगा।

उन्होंने बताया है कि चार दिवसीय छठ महापर्व शुक्रवार 13 नवंबर को नहाय खाय के साथ प्रारंभ होगी। इस वर्ष नवंबर 13 से नवंबर 16 तक पूरे भारत सहित पूरे विश्व में छठ महापर्व हर्षोल्लास एवं परम्परा के साथ मनाया जाएगा।

छठ महापर्व उत्तर भारतीय समाज का एक महत्वपूर्ण पर्व है जो 13 नवंबर को नहाय-खाय से प्रारम्भ होगा और नवंबर 16 को समाप्त होगा। खरना 14 नवंबर को होगा। संध्या अर्घ्य नवंबर 15 नवंबर को होगा और उषा अर्घ्य 16 नवंबर को होगा। अंतर्राष्ट्रीय लोक गायिका गायत्री यादव (लखनऊ), लोक गायक मुकुल सिंह और लोक गायिका इशरत जहां केडिया (मुंबई) के द्वारा नवंबर 15 को संध्या में महादेव घाट पर छठ गीतों के प्रस्तुति दी जाएगी।

हर घर दस्तक, हर दिल से संवाद: 28 दिनों तक 144 गाँवों में होगा जन चौपाल

- 21 को सीएम साय 'सेवा संवाद यात्रा' का करेंगे शुभारंभ



धरसींवा (विश्व परिवार)। जनता की समस्याओं को केवल सुनने नहीं, बल्कि उनके घर की दहलीज पर जाकर समाधान करने के संकल्प के साथ धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा आगामी 21 नवंबर से 18 दिसंबर 2026 तक विधानसभा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक 'सेवा संवाद यात्रा' निकालेंगे। इस महाजनसंपर्क अभियान का विधिवत शुभारंभ 21 नवंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा।

इस व्यापक अभियान की संपूर्ण रूपरेखा साझा करने के लिए आज सेवा सदन, में विधायक श्री शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र एवं राजधानी रायपुर से पधारे सभी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया के पत्रकारों तथा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का आत्मीय स्वागत किया और उन्हें दीपावली एवं आगामी पर्वों की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

144 गाँवों में घर-घर दस्तक देंगे विधायक

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि 'सेवा संवाद यात्रा' केवल एक राजनीतिक दौरा नहीं, बल्कि जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनकी उम्मीदों को धरातल पर उतारने का एक महाअभियान है।

वैराग्य पथ धारियों की बिनोली गोद भराई की रस्म में दिखाई दी संयम की अनुमोदना

- आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्यों ने लिया आचार्य समय सागर महाराज जी का आशीर्वाद



भोपाल (विश्व परिवार)। भोपाल शहर में वैराग्य पथ पर चलने वाले युवाओ की बिनोली और गोद भराई की रस्म चंद्रप्रभु उद्यान जैन नगर लाल घाटी में हुई, इसके पहलेआचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य तीनों युवाओं ब्रह्मचारी अतिशय विशाल रोहित ने विधोदय तीर्थ में आचार्य समय सागर महाराज को श्रीफ्ल अर्पित कर आशीर्वाद लिया, आचार्य श्री ने उनसे कहा दृढ़ इच्छा शक्ति अति विश्वाश के साथ संयम की साधना वैराग्य पथ पर आगे बढ़ते रहो, चंद्रप्रभु उद्यान जैन नगर लालघाटी में बिनोली यात्रा निकली गोद भराई की रस्म श्रद्धालुओं ने की समाज प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया तीनों वैराग्य पथ धारीयो को मुनि दीक्षा आचार्य विशुद्ध सागर महाराज आगामी 12 दिसंबर को गुलाबी नगरी जयपुर में देंगे , मनी आदित्य सागर महाराज के निर्देशन में लगभग 200 संतो के सानिध्य में आयोजन होगा इनमें से ब्रह्मचारी विशाल भैया एम कॉम राजधानी के समीप बैरसिया नगर से हे यहाँ के प्रतिष्ठित नेमीचंद कल्पना कठनेरा परिवार के सुपुत्र हे परिवार में किसी तरह की कमी नहीं है सोने चांदी का बड़ा व्यापार,, जमी जमी अटूट संपत्ति छोड़कर 2017 में गुरु आचार्य श्री विद्यासागर महाराज से आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत ग्रहण किया,, ब्रह्मचारी अतिशय 23 वर्षीय पवन पदमा के सुपुत्र कोटा राजस्थान से है शिक्षा चार्टर्ड अकाउंटेंट की पढ़ाई 2 वर्ष के पश्चात छोड़ दी, जनवरी 2025 को आचार्य विशुद्ध सागर महाराज से आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत लिया, उनके शिष्य मुनि आदित्य सागर महाराज के प्रवचनों से प्रभावित होकर संघ में प्रवेश किया, ब्रह्मचारी रोहित 19 वर्षीय टीकमगढ़ से हे राकेश रश्मिता के सुपुत्र शिक्षा 12वि मुनि आदित्य सागर महाराज की मार्गदर्शन में जैन दर्शन से प्रभावित होकर 2025 में आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत लिया, मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी सौरभ इंजीनियर गुरु भक्त जीतू सिलवानी ने बताया मांगलिक भजनों के साथ समाज के लोगों ने तीनों ब्रह्मचारी भाइयों की गोद भराई की रस्म की बहुमान कियाओर समाज के वरिष्ठ जनों मोक्ष पथ कि अनुमोदन की गई।

कलेक्टर ने की धान खरीदी की तैयारी सहित विकास कार्यों की समीक्षा



- धान खरीदी के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

जगदलपुर (विश्व परिवार)। जिले में आगामी 15 नवंबर से प्रारंभ हो रहे धान उपार्जन कार्य को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। शुक्रवार 13 नवंबर को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में धान खरीदी की तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सोमवार से शुक्रवार तक उपार्जन केंद्रों में खरीदी होगी और शनिवार-रविवार को अधिकारी केंद्रों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करेंगे। उन्होंने भारतीय खाद्य निगम के साथ समन्वय कर नए बारदानों का सत्यापन कराने, उपार्जन केंद्रों में पर्याप्त जगह, पेयजल, शौचालय और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही विकास कार्यों को प्राथमिकता देकर तेजी के साथ संचालित किए जाने कहा।

बैठक में कृषक उन्नति योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर देते हुए कलेक्टर ने कहा कि 12 से 20 नवंबर तक आयोजित हो रही ग्राम सभाओं में इसके नियमों का वाचन कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने पंजीयन कराया है और धान की फसल लगाई है, यदि वे टोकन कटाकर एक क्विंटल धान भी बेचते हैं, तो उन्हें उनके पूरे पंजीकृत रकबे के हिसाब से समर्थन मूल्य और बोनस की अंतर राशि का लाभ मिलेगा।

डोंगरगांव में 15 नवंबर को होगा भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह

डोंगरगांव (विश्व परिवार)। परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य भगवंत श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज की पावन आध्यात्मिक परंपरा तथा परम पूज्य नवाचार्य श्री 108 समयसागर जी महामुनिराज के मंगल आशीर्वाद से परम पूज्य आर्यिका श्री 105 तपोमति माताजी ससंघ के पावन चातुर्मास के उपरांत भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

यह ऐतिहासिक एवं मंगलमय धार्मिक आयोजन रविवार, 15 नवंबर 2026 को डोंगरगांव स्थित श्री विद्यासागर निलय प्रांगण में दोपहर 1:30 बजे से आयोजित होगा। इस अवसर पर आर्यिका श्री 105 तपोमति माताजी सहित उनके संघस्थ आर्यिका माताजी नम्रमति माताजी, विनम्रमति



माताजी, अतुलमति माताजी एवं अनुगममति माताजी के पिच्छिका परिवर्तन का पावन प्रसंग साक्षी बनने का सौभाग्य श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा।

पिच्छिका परिवर्तन जैन साधु-संतों की संयम, अहिंसा एवं आत्मशुद्धि की साधना का महत्वपूर्ण प्रतीक है। यह अवसर त्याग, तपस्या और संयममय जीवन के प्रति श्रद्धा एवं समर्पण को अभिव्यक्त करता है।

आयोजन को लेकर डोंगरगांव जैन समाज एवं आयोजन समिति द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम के आयोजक श्री दिगंबर जैन समाज डोंगरगांव एवं श्री विद्यासमय तपो साधना महामहोत्सव समिति डोंगरगांव ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से समारोह में शामिल होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

पांचों ज्ञान की आराधना आज, चैत्य वंदन के साथ बहेगी भक्ति की धारा

- विवेकानंद नगर के श्री ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में मुनिश्री संवेगरत्न सागरजी की पावन निश्रा में होगा आयोजन



रायपुर (विश्व परिवार)। विवेकानंद नगर स्थित श्री ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में जारी सर्वमंगलमय वर्षावास के अंतर्गत धर्म, ज्ञान और भक्ति की अविरल धारा बह रही है। ज्ञान पंचमी के पावन अवसर पर शनिवार को परम पूज्य मुनिश्री संवेगरत्न सागरजी म.सा. आदि ठाणा-5 की पावन निश्रा में पांचों ज्ञान की आराधना, पूजन और चैत्य वंदन किया जाएगा। इस दौरान श्रावक-श्राविकाएं भक्ति और श्रद्धा के साथ धर्मलाभ लेंगे।

दीपावली की प्रवचनमाला के तहत मुनिश्री प्रतिदिन भगवान महावीर स्वामी की अंतिम दिव्य देशना का वाचन और विवेचन कर रहे हैं। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रावक- श्राविकाएं जिनवाणी का श्रवण कर आत्मकल्याण का मार्ग समझ रहे हैं। धर्मसभा में मुनिश्री ने कहा कि जीवन में ऐसा विवेक होना चाहिए कि आत्मा की दुर्गति न हो। व्यक्ति सद्गति की कामना तो करता है, लेकिन दुर्गति से बचने के बारे में कम सोचता है। आत्मकल्याण के लिए हमेशा विवेक जागृत रखना जरूरी है, ताकि आत्मा भव-भव के फेर से मुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ सके। मुनिश्री ने कहा कि जब कर्म सत्ता ने तीर्थंकरों को भी नहीं छोड़ा तो हम उससे कैसे बच सकते हैं।

महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े को दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का निमंत्रण

- आचार्य प्रज्ञासागर महाराज के सानिध्य में दो दिवसीय राष्ट्रीय गुरुआस्था परिवार का अधिवेशन - गौ सेवा से आत्म कल्याण की होगी थीम



जयपुर (विश्व परिवार)। राष्ट्रसंत आचार्य 108 प्रज्ञासागर महाराज के पावन सानिध्य में 14 एवं 15 नवंबर को गोलोकधाम निमोडिया में दो दिवसीय भव्य राष्ट्रीय अधिवेशन एवं पिच्छीका परिवर्तन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक आयोजन में देशभर से एक हजार से अधिक गुरु भक्त एवं बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

राष्ट्रीय गुरुआस्था परिवार के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया ने बताया कि आयोजन के तहत 14 नवंबर को प्रात: 9 बजे से राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारंभ होगा। वहीं शाम 6 बजे से परम पूज्य आचार्य श्री की भव्य पिच्छीका परिवर्तन का विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 15 नवंबर को प्रात: 11 बजे आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में राजस्थान के महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

राज्यपाल को दिया राष्ट्रीय अधिवेशन का निमंत्रण

चातुर्मास व्यवस्था समिति के मुख्य संयोजक चेतन जैन निमोडिया ने बताया कि शुक्रवार को राजस्थान के महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े को राष्ट्रीय अधिवेशन एवं पिच्छीका परिवर्तन महोत्सव में पधारने का निमंत्रण दिया गया।

छत्तीसगढ़ चेम्बर का दीपावली मिलन समारोह भव्यता के साथ संपन्न

- हजारों व्यापारियों की सहभागिता ने रचा नया कीर्तिमान



रायपुर (विश्व परिवार)। दीपावली के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा प्रतिवर्ष की परम्परा को जारी रखते हुए 09 नवंबर 2026 को चौधरी देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बॉम्बे मार्केट, रायपुर में प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। दीपोत्सव के उल्लास और पारस्परिक सौहार्द से परिपूर्ण इस समारोह में प्रदेशभर से हजारों व्यापारी, उद्योगपति, विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं चेम्बर पदाधिकारी सम्मिलित हुए। व्यापारिक समुदाय की अभूतपूर्व सहभागिता समारोह का विशेष आकर्षण रही।

इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी, महामंत्री श्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष श्री निकेश बरडिया सहित संरक्षकगण, सलाहकार, चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, प्रदेश पदाधिकारी, कार्यकारी सदस्य, ट्रांसपोर्ट चेम्बर, महिला चेम्बर एवं विभिन्न व्यापारिक एसोसिएशनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

समारोह में छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्री राजीव कुमार अग्रवाल, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री केदारनाथ गुप्ता, छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष एवं चेम्बर सलाहकार श्री अमरजीत सिंह छाबड़ा, छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के डायरेक्टर एवं छत्तीसगढ़ कयाकिंग-कैनोइंग एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री बलदेव सिंह भाटिया तथा चांसलर आंजनेय यूनिवर्सिटी एवं जिला संयोजक भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ रायपुर अभिषेक अग्रवाल ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। चेम्बर अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी सहित पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात उपस्थितजनों ने परस्पर मिठाई खिलाकर एवं शुभकामनाओं का आदान-प्रदान कर दीपावली की खुशियां साझा की।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने अपने संबोधन में प्रदेश के समस्त व्यापारियों, उद्योगपतियों एवं नागरिकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली प्रकाश, सद्भाव और समृद्धि का पर्व है। यह हमें नवीन ऊर्जा और सकारात्मक संकल्पों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। व्यापारियों के परिश्रम, उद्यमशीलता और निरंतर समर्पण से छत्तीसगढ़ की प्रगति का दीप प्रज्वलित है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष धनतेरस पर प्रदेश के बाजारों में हुई शानदार खरीदारी और ग्राहकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता व्यापारिक जगत के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है। चेम्बर द्वारा संचालित 'रोशन व्यापार, रोशन दिवाली' अभियान ने स्थानीय बाजारों, छोटे व्यापारियों और पारंपरिक उत्पादों को प्रोत्साहित करने में सार्थक भूमिका निभाई है।

कार्यशाला में दिया गया वन धन विकास केंद्र के संचालन का प्रशिक्षण

- बकावंड, तोकापाल और लोहण्डीगुड़ा में खुलेंगे तीन नए वनधन विकास केंद्र



जगदलपुर (विश्व परिवार)। बस्तर जिले की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिले के बकावंड, तोकापाल और लोहण्डीगुड़ा विकासखंड में तीन नए वनधन विकास केंद्र स्वीकृत किए गए हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और ट्राईफेड इंडिया के संयुक्त समन्वय से स्थापित होने वाले इन केंद्रों का संपूर्ण संचालन स्वयं सहायता समूह की बिहान दीदियां करेंगी। इन केंद्रों के सुचारू संचालन और प्रत्येक केंद्र के लिए स्वीकृत 15 लाख रुपये के बजट के प्रभावी व्यय पर समझ विकसित करने के उद्देश्य से आज जिला पंचायत बस्तर के विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) शाखा में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में वनधन केंद्रों के तहत गठित समितियों के पदाधिकारियों सहित ब्लॉक स्तर के बीपीएम, क्षेत्रीय समन्वयक (एसी), एफ्मीसी सीईओ और उत्पादक समूह (पीजी) के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान ट्राईफेड इंडिया से आए प्रतिनिधि श्री अमित दुबे, वन विभाग से श्री अविनाश जी कीर्तिवर्धन, बिहान के जिला कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक और क्षेत्रीय समन्वयकों ने प्रतिभागियों को केंद्र के दैनिक संचालन, सदस्यों की भूमिका तथा वनोपजों के वैज्ञानिक संग्रहण, सुरक्षित भंडारण और प्रसंस्करण की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया। इसके साथ ही स्वीकृत 15 लाख रुपये के बजट का किन-किन मदों में उपयोग किया जाना है, बिल-वाउचर का सही संधारण कैसे हो और लेखा-जोखा में पूर्ण पारदर्शिता कैसे रखी जाए, इस पर भी गहन चर्चा की गई।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

प्रादेशिकी

रायपुर, शनिवार 14 नवंबर 2026

किलेपाल में खंड स्तरीय बस्तर ओलम्पिक का उत्साहपूर्ण आगाज

ग्रामीण युवाओं ने कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेल स्पर्धाओं में दिखाया दमखम

जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री बलदेव मंडावी एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती महावती मंडावी ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ





जगदलपुर/ जिले के बास्तानार विकासखंड के किलेपाल में शुक्रवार 13 नवंबर को खंड स्तरीय बस्तर ओलम्पिक 2026 का उत्साहपूर्ण आगाज हुआ। प्रतियोगिता में ग्रामीण अंचलों के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए विभिन्न खेल विधाओं में अपनी खेल प्रतिभा और दमखम का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री बलदेव मंडावी एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती महावती मंडावी ने किया। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित सीईओ जनपद पंचायत श्री एसएस मंडावी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। किलेपाल में बस्तर ओलम्पिक के प्रति क्षेत्र के युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस खंड स्तरीय प्रतियोगिता के लिए कुल 6832 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है। दो दिवसीय इस आयोजन में बास्तानार विकासखंड के चार जोन मूतनपाल, बास्तानार, पालानार एवं बड़े किलेपाल के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता में जूनियर एवं सीनियर दोनों वर्गों के खिलाड़ी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभा रहे हैं।

प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। मैदान में खिलाड़ियों का जोश और उत्साह देखते ही बन रहा था। ग्रामीण क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने खेल के प्रति अपनी रुचि और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

बस्तर ओलम्पिक का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों की खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराना, युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना तथा उनमें अनुशासन, आपसी सद्भाव और टीम भावना को प्रोत्साहित करना है। इस आयोजन के माध्यम से स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और आगे की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर मिल रहा है। शुक्रवार 13 नवंबर से प्रारंभ हुई यह खंड स्तरीय प्रतियोगिता शनिवार, 14 नवंबर को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न होगी। दो दिनों तक चलने वाली इस खेल प्रतिस्पर्धा को लेकर खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों में विशेष उत्साह बना हुआ है।

संक्षिप्त समाचार

जरूरतमंद मरीजों के उपचार में सहयोग के लिए रेडक्रॉस सोसायटी को 50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान



सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)-जिला अस्पताल सूरजपुर में संचालित रेडक्रॉस सोसायटी को जरूरतमंद मरीजों के उपचार एवं आवश्यक चिकित्सकीय सहायता के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से 50 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गई। जिला पंचायत सीईओ श्री विजेन्द्र सिंह पाटले ने रेडक्रॉस सोसायटी को यह राशि प्रदान की। इस सहयोग राशि से जरूरतमंद मरीजों के उपचार एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं में मदद मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद मरीजों को उपचार के दौरान आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा मानवीय संवेदनशीलता के साथ जरूरतमंदों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

डेटॉल ने पेश किया नया डेटॉल ओरिजिनल फोमिंग हैंडवॉश, अब भारत के सबसे भरोसेमंद हैंडवॉश के साथ मिलेगा झागदार सफाई का अनुभव

नईदिल्ली। हैंडवॉश के इस्तेमाल को बढ़ावा देने और हाथों की स्वच्छता के तरीकों को बेहतर बनाने में अग्रणी ब्रांड डेटॉल ने आज नए डेटॉल ओरिजिनल फेमिंग हैंडवॉश को लॉन्च करने की घोषणा की। पिछले कई दशकों से डेटॉल विज्ञान आधारित नवाचार और कीटाणुओं से भरोसेमंद सुरक्षा के जरिए भारत में हाथों की स्वच्छता से जुड़ी आदतों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अब डेटॉल का लोकप्रिय ओरिजिनल हैंडवॉश एडवांस्ड फेमिंग फॉर्मेट में उपलब्ध होगा। इसके साथ ही डेटॉल फेमिंग हैंडवॉश की रेंज में डेटॉल ओरिजिनल की खास और लोकप्रिय खुशबू भी शामिल हो गई है। पिछले कुछ वर्षों में हाथ धोने को लेकर जागरूकता में काफी वृद्धि हुई है, लेकिन सही तरीके से हाथ धोना अब भी एक चुनौती बना हुआ है। भारतीय माताएं अक्सर इस बात को लेकर चिंतित रहती हैं कि हाथ धोने के बाद भी उनके बच्चों के हाथ पूरी तरह साफ नहीं हुए हैं। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि ज्यादातर लोग, खासकर बच्चे, हाथों को पर्याप्त समय तक नहीं रगड़ते। इस कारण हैंडवॉश पूरे हाथों में अच्छी तरह नहीं फैल पाता इसी उपभोक्ता व्यवहार और स्वच्छता से जुड़ी इस कमी को समझते हुए भारत का नंबर 1 हैंडवॉश डेटॉल ओरिजिनल अब फेमिंग फॉर्मेट में पेश किया गया है। इसका झाग हाथों के हर कोने तक आसानी से पहुंचता है और सामान्य लिक्विड हैंडवॉश की तुलना में कीटाणुओं से 10 गुना बेहतर सुरक्षा प्रदान करता है।

आईडीबीआई इनोवेट 2026: आईडीबीआई बैंक ने किया भव्य ग्रैंड फिनाले का समापन

मुंबई : आईडीबीआई बैंक ने अपनी प्रमुख हैकाथॉन पहल 'आईडीबीआई इनोवेट 2026' के ग्रैंड फिनाले का सफलतापूर्वक समापन किया। यह आयोजन बैंकिंग सेवाओं को पूरी तरह डिजिटल बनाने, फिनटेक कंपनियों के साथ मिलकर काम करने और नवाचार को बढ़ावा देने की बैंक की कोशिशों का एक हिस्सा है। बिल्ड. इंटीग्रेट. ट्रांसफॉर्म.÷ थीम पर आधारित इस हैकाथॉन ने स्टार्टअप्स, फिनटेक कंपनियों, कामकाजी पेशेवरों और इनोवेटर्स को एक मंच दिया। इसका उद्देश्य बैंकिंग क्षेत्र की व्यावसायिक और परिचालन चुनौतियों को दूर करने के लिए सुरक्षित, बड़े स्तर पर काम आने वाले और ग्राहकों के अनुकूल समाधान तैयार करना था। इस आयोजन में चार मुख्य विषय शामिल थे, जिसे देशभर से शानदार प्रतिक्रिया मिली। विजेताओं का चयन तकनीकी जांच, समाधानों के प्रदर्शन, बैंक के सैंडबॉक्स (IDBI Innobox) पर परीक्षण और जूरी रिव्यू जैसी कई कड़े पैमानों से गुजरने के बाद किया गया। सभी ट्रैक के विजेताओं और उप-विजेताओं को 03 नवंबर, 2026 को आयोजित ग्रैंड फिनाले में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आईडीबीआई बैंक के एमडी और सीईओ श्री राकेश शर्मा ने कहा कि बैंक को भविष्य के लिए तैयार और मजबूत बनाने में नवाचारों की बड़ी भूमिका है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बैंक का मुख्य ध्यान नई तकनीकों का इस्तेमाल कर ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने और अपनी डिजिटल क्षमता बढ़ाने पर है।

अध्यापिका प्रीति सोनी को मिली डॉक्टरेट की उपाधि लोगों ने शुभकामनाएं दी

गोपाल सिंह विद्रोही



सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)- सूरजपुर विकासखंड के पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एंड मैनेजमेंट बी.एड. कॉलेज मदनपुर- सिलफिल्ली, जिला सूरजपुर की सहायक प्राध्यापिका प्रीति सोनी ने शैक्षणिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए डॉक्टरेट (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त की है। उन्हें पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ के मनोविज्ञान अध्ययनशाला द्वारा यह उपाधि प्रदान की गई है।

डॉ. प्रीति सोनी ने सोशल मीडिया के उपयोग का किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण पर प्रभाव का अध्ययन विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ. मीता झा (सेवानिवृत्त प्राध्यापक, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर) के निर्देशन में किया। शोध विषय वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक है। क्योंकि सोशल मीडिया का किशोरों के जीवन, व्यवहार, मानसिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण पर लगातार प्रभाव बढ़ रहा है। इस विषय पर उनके शोध से किशोरों पर सोशल मीडिया के प्रभावों को समझने में शैक्षणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण योगदान मिलने की उम्मीद है।

दिनांक 2 नवंबर 2026 को उनका फाइनल वाइवा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसके पश्चात विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद द्वारा उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई।

डॉ. प्रीति सोनी की इस उपलब्धि पर पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एंड मैनेजमेंट कॉलेज प्रबंधन एवं शासी निकाय के संस्थापक अशोक नाथ तिवारी, डायरेक्टर नरेंद्र सिंह टूटेजा, अध्यक्ष सह चेयरमैन प्रमेन्द्र तिवारी, सीईओ राकेश तिवारी, प्राचार्य डॉ. छवि रानी मंडल एवं समस्त सहायक प्राध्यापकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि संस्थान के लिए गौरव का विषय है और अन्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

वेदांता पावर की पहल से ग्रामीण बच्चों को मिल रहे शिक्षा के बेहतर अवसर

सक्ति: वेदांता पावर सक्ति थर्मल पावर प्लांट अपनी शिक्षा एवं युवा विकास पहल प्रोजेक्ट विद्या के माध्यम से आस-पास के समुदायों में बच्चों की शिक्षा और समग्र विकास को सशक्त बना रहा है। कक्षा में पारम्परिक सहयोग के दायरे से आगे बढ़कर यह प्रोग्राम अनुभवात्मक शिक्षा, करियर में मार्गदर्शन, डिजिटल साक्षरता, खेल एवं पर्यावरण जागरुकता के साथ शिक्षा के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाता है। वित वर्ष 25-26 के दौरान प्रोजेक्ट विद्या सक्ति में तकरीबन 1300 लाभार्थियों तक पहुंचा है, जिसके तहत शैक्षणिक एवं जागरुकता पहलों का आयोजन किया गया है, स्कूल आपूर्ति का वितरण और करियर में मार्गदर्शन दिया गया है। बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करने के उद्देश्य से पर्यावरण संबंधी क्विज और सेवा पर्व की गतिविधियों के दौरान कपड़े के थैले भी वितरित किए गए, ताकि वे अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रेरित हों।

वेदांता पावर अपनी सभी परिचालन इकाइयों के आसपास के समुदायों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर काम करते हुए हर साल गांवों के 3000 से अधिक छात्रों तक पहुंचती है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कंपनी ने अपने संचालन क्षेत्रों में 18 स्कूलों को सहयोग दिया है। आन्ध्र प्रदेश में मीनाक्षी एनर्जी लिमिटेड में प्रोजेक्ट विद्या लगभग 800 लाभार्थियों तक पहुंचा है और उन्हें खेल एवं स्टेशनरी किट, अध्ययन सामग्री और स्टेम किट बांटे गए हैं।

एनएमडीसी प्लांट में हुई घटना के बाद परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

दरवाजे पर देखती रही बेटे की में बुझ चुका था घर का चिराग,अनाथ हुए तीन मासूम

जगदलपुर। बकावंड ब्लॉक के टुहटी देवड़ा गांव के एक गरीब परिवार के लिए इस बार की दीपावली जिंदगी का सबसे काला दिन बन गई। नगरनार स्टील प्लांट में करीब 1500 डिग्री सेल्सियस तापमान वाले खौलते हॉट मेटल चपेट में आकर 31 वर्षीय मंगल साय नेताम की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि उनका शरीर बुरी तरह झुलस गया और परिजन शव देखकर पहचान तक नहीं सके। यह महज एक औद्योगिक दुर्घटना नहीं, बल्कि उस परिवार की पूरी दुनिया उजड़ने की कहानी है, जिसने बड़ी मुश्किलों से अपने सपनों का एक छोटा सा आशियाना बनाने की शुरुआत की थी। घटना के बाद पूर्वा, मतायी और आसमती का रो- रोकर बुरा हाल है। भाई की अचानक मौत ने तीनों बहनों की दुनिया उजाड़ दी है। पूरे गांव में मातम पसरा है। भाई की याद आते ही वे दहाड़ें मारकर फफक पड़ती हैं उनकी सूनी आंखें और सिसकियां हर दिल को झकझोर रही हैं। आसपास के लोग भी इस दुखद हादसे से गहरे सदमे में हैं। उनकी बहने कहती हैं कि भाई का परिवार सालों से एक टूटे फूटे मकान में रहकर जिन्दगी बसर कर रहा था। इसलिए पास में एक ईट का एक मकान बनवा रहे थे जिसकी सिर्फ दीवार अभी अधूरी दीवार ही बन पाई थी जो शायद अब अधूरी ही रह जायेगी। अनदेखी ने आज एक हंसते-खेलते इंसान की जान ले सी। क्या मंगल साय को पर्याप्त सुरक्षा उपकरण दिए गए थे? क्या उच्च तापमान वाले ऐसे खतरनाक कार्यक्षेत्र में प्रोटोकॉल का पालन हो रहा था? ये तमाम सवाल आज उस दुखी परिवार और पूरे गांव की जुबान पर है, जो न्याय और मानवीय संवेदनाओं की गुहार लगा रहे हैं। प्रबंधन की लापरवाही पर उठे गंभीर सवाल भतीजे महेन्द्र ने बताया कि मंगल साथ सोमवार को घर से ड्यूटी पर गये थे दिन में दो बजे से शिष्ट था रात्रि दस बजे ड्यूटी समाप्त करके अपने मित्र के कमरे पर नगरनार में ही रूक गये। सुबह 6 बजे से फिर ड्यूटी लग गई थी। त्योहार के इस सीजन में बाहरी श्रमिकों के छुट्टी पर जाने के कारण काम का भारी दबाव भी था 7 मंगल 2023 से प्लांट में कार्यरत थे।

लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने वाले आरोपी को परपा पुलिस ने किया गिरफ्तार

जगदलपुर। पुलिस अधीक्षक बस्तर शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर एवं एसडीओपी केशलूर लक्ष्मण पोटाई के मार्गदर्शन में थाना परपा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पारिवारिक विवाद में लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई।

प्रार्थी बबलू कश्यप पिता नानी कश्यप, उम्र 31 वर्ष, निवासी ग्राम बुरूंगपाल, नागरजोड़ीपारा, थाना परपा, जिला बस्तर द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 16.08.2026 की रात्रि लगभग 10:00 बजे उसके पड़ोसी द्वारा जानबूझकर वाद विवाद किया गया एवं वाद विवाद के दौरान आरोपी भगत कश्यप के द्वारा प्रार्थी से मार पीट कर लोहे की रॉड से वार कर उसके पैर में गंभीर चोट पहुंचाई गई।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना परपा में आरोपी भगत कश्यप के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2), 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना परपा पुलिस द्वारा तत्काल प्रकरण की विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान घटना के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं साक्ष्य संकलित किए गए तथा आरोपी की पतासाजी के लिए लगातार प्रयास किए गए।



पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी भगत कश्यप को अभिरक्षा में लेकर घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किया गया। आरोपी के मेमोरेण्डम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त 16 एम.एम. लोहे की रॉड, जिसकी लंबाई 85.5 सेंटीमीटर है, को विधिवत जप्त किया गया।

वहीं, घटना में घायल व्यक्ति को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज डिमरापाल ले जाया गया था। चिकित्सकीय परीक्षण एवं एक्स-रे रिपोर्ट में पैर में फ्रैक्चर होना पाए जाने पर प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए विवेचना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 118(2) भी जोड़ी गई।

विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्यों, आरोपी के मेमोरेण्डम कथन एवं घटना में प्रयुक्त हथियार की जप्ती के आधार पर आरोपी भगत कश्यप, उम्र 44 वर्ष, निवासी ग्राम बुरूंगपाल, साल्हेडोगरीपारा, थाना परपा, जिला बस्तर को दिनांक 12.11.2026 को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को देकर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में अग्रिम वैधानिक विवेचना जारी है।

बस्तर पुलिस आम नागरिकों की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। अपराधों की रोकथाम तथा अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी वैधानिक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर बेच सकेंगे अपनी उपज, पिछले वर्ष की तुलना में 2541 नए किसानों ने कराया पंजीयन

अवैध धान परिवहन रोकने चार चेकपोस्ट स्थापित

सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)- खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य आगामी 15 नवंबर से प्रारंभ होगा। इस वर्ष जिले के 60 हजार किसानों ने धान विक्रय के लिए पंजीयन कराया है। किसानों की सुविधा के लिए जिले में कुल 60 धान उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 6 नवीन उपार्जन केंद्र भी शामिल हैं। सभी केंद्रों में खरीदी की आवश्यक तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं।

पिछले वर्ष की तुलना में किसान पंजीयन में हुई वृद्धि- खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के कुल 65990 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान विक्रय के लिए पंजीयन कराया था, जबकि चालू खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में यह संख्या बढ़कर 68531 हजार हो गई है। पिछले वर्ष की तुलना में 2541 नए किसानों ने पंजीयन कराया है। किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने से लेकर धान विक्रय तक की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक पंजीकृत किसान को बिना किसी परेशानी के अपनी उपज बेचने का अवसर मिले।

60 उपार्जन केंद्रों में होगी धान खरीदी, 6 नए केंद्र शामिल- किसानों की सुविधा और खरीदी व्यवस्था को अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से इस वर्ष जिले में 6 नए धान उपार्जन केंद्र प्रारंभ किए गए हैं। नवीन केंद्रों को मिलाकर जिले में धान उपार्जन केंद्रों की कुल संख्या 60 हो गई है। इन केंद्रों में 15 नवंबर 2026 से 15 जनवरी 2027 तक समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाएगी। शासन के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार पंजीकृत किसान प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल धान का विक्रय कर सकेंगे। इस वर्ष कॉमन धान का समर्थन मूल्य 2,441 रुपये तथा ग्रेड-ए धान का समर्थन मूल्य 2,461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

तुंहर टोकन एप से घर बैठे प्राप्त कर सकेंगे टोकन- किसानों की सुविधा के लिए शासन द्वारा 'तुंहर टोकन' एप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। किसान इस एप के जरिए घर बैठे धान विक्रय के लिए टोकन प्राप्त कर सकेंगे। जिसकी प्रक्रिया 10 नवंबर से शुरू हो चुकी है। और आज दिनांक तक 976 किसानों ने सुविधा का लाभ लेते हुए अपना ऑनलाइन टोकन कटवाया है। इससे उपार्जन केंद्रों में अनावश्यक भीड़ और किसानों की भागदौड़ कम होगी तथा खरीदी प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक एवं पारदर्शी बनेगी।

अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर रहेगी कड़ी निगरानी- धान खरीदी के दौरान अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं अन्य अनियमितताओं की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक निगरानी व्यवस्था की गई है। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में कुल 04 चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं। इनमें ग्राम नवाटोला, चौपता पुल ग्राम विशालपुर, ग्राम खोंड एवं ग्राम रेवटी शामिल हैं। इन चेकपोस्टों के माध्यम से धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर निगरानी रखी जाएगी। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में धान खरीदी की संपूर्ण प्रक्रिया को सुचारू एवं पारदर्शी बनाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उपार्जन केंद्रों में बारदानों की उपलब्धता, पेयजल, छाया, बैठक व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा गया है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए किसानों से सुव्यवस्थित ढंग से धान खरीदी सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए हैं।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शनिवार 14 नवम्बर 2026

कृषि विश्वविद्यालय में वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

■ विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को ओ.एन.ओ.एस के माध्यम से 13 हजार शोध पत्रिकाओं तक मिली पहुँच



रायपुर (विश्व परिवार)। इन्फॉर्मेशन लाइब्रेरी नेटवर्क सेंटर, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (नई दिल्ली) और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में देश के पूर्वी क्षेत्र के राज्यों के लिए वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन पर एक दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आज कृषि महाविद्यालय, रायपुर के सभागार में किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल थे। कार्यक्रम का उद्देश्य वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन पहल के उद्देश्यों, प्रमुख विशेषताओं, उपलब्धता तथा इसके प्रभावी उपयोग के संबंध में प्रतिभागियों को जागरूक करना था। भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई इस पहल के माध्यम से केंद्रीकृत सदस्यता व्यवस्था के अंतर्गत देशभर के पात्र उच्च शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानों को शोध प्रकाशनों एवं अकादमिक पत्रिकाओं तक पहुंच उपलब्ध कराई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान की गुणवत्ता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना प्रारंभ की गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 25 नवंबर 2024 को इसे स्वीकृति प्रदान की तथा इसका क्रियान्वयन 1 जनवरी 2025 से प्रारंभ हुआ। योजना के प्रथम चरण (2025-2027) के लिए लगभग 6,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत देश के पात्र उच्च शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानों को 30 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों की 13,000 से अधिक प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं तक एकीकृत डिजिटल पहुंच उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना का क्रियान्वयन शिक्षा मंत्रालय के माध्यम से इन्फॉर्मेशन लाइब्रेरी नेटवर्क सेंटर, यू.जी.सी. द्वारा किया जा रहा है।

शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय जैसे कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के लिए यह योजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे विश्वविद्यालय के शिक्षकों, वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों को कृषि विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, फसल सुधार, पादप संरक्षण, जलवायु परिवर्तन एवं टिकाऊ कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में नवीनतम अंतरराष्ट्रीय शोध एवं वैज्ञानिक जानकारी तक पहुंच मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे स्नातकोत्तर एवं पीएच.डी. शोधार्थियों के शोध कार्य की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ सहयोग एवं बहुविषयक अनुसंधान को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में ओ.एन.ओ.एस योजना के प्रभारी डॉ. एस.के.त्रिपाठी ने इस योजना का महत्व बताते हुए कहा कि ओ.एन.ओ.एस योजना कृषि अनुसंधान एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक ज्ञान और नवीनतम वैज्ञानिक शोध तक पहुंच उपलब्ध कराने वाली महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहल है। इसका प्रभावी उपयोग इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में शोध की गुणवत्ता, नवाचार, अंतरराष्ट्रीय अकादमिक सहयोग तथा कृषि तकनीकी विकास को नई दिशा प्रदान कर सकता है। विश्वविद्यालय में ओ.एन.ओ.एस योजना के अधिकतम उपयोग के लिए इसके पंजीकरण एवं क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

फटाका दुकान हटते ही म्यूनिस्पल स्कूल मैदान में चला सफाई अभियान



राजनांदगांव (विश्व परिवार)। महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम शहर में साफ सफाई का जायजा लेकर स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने, स्वास्थ्य अमला को निर्देशित कर रहे है। महापौर एवं आयुक्त के निर्देश पर निगम का स्वास्थ्य अमला दीपावली त्योहार के बाद शहर में फैले गंदगी की युद्ध स्तर पर सफाई कर रही है। आज सुबह आयुक्त मरकाम सफाई निरीक्षण के दौरान म्यूनिस्पल स्कूल मैदान में लगे फटाका दुकान हटने के पश्चात मैदान में फैली गंदगी का जायजा लेकर अमला लगा सफाई कराई।

शहर में सफाई निरीक्षण की कडी में आज सुबह आयुक्त श्री मरकाम म्यूनिस्पल स्कूल मैदान में साफ सफाई का जायजा लिया। फटाका दुकान हटने के पश्चात मैदान में भारी तादात में कचरा फैला था, जिसे निगम द्वारा साफ किया जा रहा था। आज आयुक्त स्वयं उपस्थित होकर गैंग लगाकर मैदान में फैले गंदगी की सफाई कराये। सफाई के दौरान फैले कचरा, झिल्ली, पन्नी,प्लास्टिक तथा फटाके के अवशेष को उठाकर सफाई की गयी। सफाई हो जाने से मैदान पूर्ववत स्थिति में आ गया। इसी प्रकार फ्लाई ओव्हर सर्विस रोड के किनारे भी साफ करने कहा। उन्होंने सफाई अमला से कहा कि त्योहार या किसी भी आयोजन के पश्चात कचरा ज्यादा फैल जाता है, जिसे प्राथमिकता से साफ करना सुनिश्चित करे। आगामी छठ पर्व एवं छोटी दिवाली को ध्यान में रखकर शहर में व्यापक रूप से साफसफाई करने के निर्देश दिए।

निगम का सफाई अमला छठ पर्व के लिए मोती तालाब एवं चिखली तालाब में विशेष सफाई अभियान चलाकर तालाबो के आस पास सफाई कर तालाबो में तैरता कचरा, प्लास्टिक अपशिष्ट निकाला गया। श्रद्धालुओ के लिए स्वच्छ वातावरण निर्मित करने घाट की सीढिया और किनारे सफाई कर गंदगी हटाई गयी तथा दवा आदि का छिडकाव कर चुना लाईन डाला गया।

साइंस वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता 5.0 के माध्यम से युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगी कलिंगा यूनिवर्सिटी



रायपुर (विश्व परिवार)। प्रत्येक आविष्कार की शुरुआत एक जिज्ञासा से होती है, जिसे प्रयास और प्रयोगों के माध्यम से साकार किया जाता है। विद्यार्थियों में इसी जिज्ञासा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से, कलिंगा यूनिवर्सिटी द्वारा 21 नवंबर 2026 को साइंस वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता 5.0 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को अपने विचारों को कार्यशील मॉडलों के माध्यम से प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करेगी।

विगत वर्षों से कलिंगा यूनिवर्सिटी स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक अभिरुचि एवं प्रयोगात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साइंस वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन करती आ रही है। प्रतियोगिता के पांचवें संस्करण के माध्यम से विश्वविद्यालय एक बार फिर युवा प्रतिभाओं को ऐसा मंच प्रदान करने जा रहा है, जहाँ वे अपने ज्ञान, रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण को कार्यशील मॉडलों के माध्यम से प्रस्तुत कर सकेंगे।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रखते हुए वैज्ञानिक सिद्धांतों के व्यावहारिक उपयोग को समझने तथा वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान तलाशने के लिए प्रेरित करना है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपने विचारों को मॉडल के रूप में विकसित करने, प्रयोग करने और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी नवाचार क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यार्थियों को सतत जीवनशैली हेतु विज्ञान, दैनिक जीवन में प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, कल्याण एवं मानव जीवन, कृषि एवं खाद्य प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स एवं ऑटोमेशन, स्मार्ट शहरों का भविष्य, स्वच्छ ऊर्जा एवं हरित भविष्य, जल संरक्षण एवं प्रबंधन, पर्यावरण, जलवायु एवं जैव विविधता तथा बेहतर कल के लिए नवाचार जैसे विभिन्न विषयों पर आधारित कार्यशील मॉडल प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के लिए कुल 62,000 रुपए की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त, सर्वश्रेष्ठ कार्यशील मॉडल को कलिंगा इनक्यूबेशन फाउंडेशन (KIF) के माध्यम से इन्क्यूबेशन सहयोग भी प्रदान किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को अपने नवाचारी विचारों को आगे विकसित करने तथा उन्हें संभावित उपयोगी समाधानों में परिवर्तित करने का अवसर मिलेगा।

इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा, बल्कि उनमें तार्किक चिंतन, समस्या-समाधान, रचनात्मकता एवं प्रयोगात्मक कौशल जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं को भी प्रोत्साहन मिलेगा। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति अपनी रुचि विकसित करने और भविष्य में विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों में संभावनाएँ तलाशने के लिए प्रेरित करते हैं।

एडमिशन डायरेक्टर श्री अभिषेक शर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, स्कूली स्तर पर वैज्ञानिक सोच एवं नवाचार की भावना विकसित करना भविष्य की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। कलिंगा यूनिवर्सिटी का उद्देश्य विद्यार्थियों को ऐसा अवसर प्रदान करना है, जहाँ उनके विचारों, प्रयोगों एवं रचनात्मक प्रयासों को उचित मंच और प्रोत्साहन मिल सके।

छात्रावास -आश्रम अधीक्षकों की पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय हड़ताल संपन्न

■ शासन-प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, मांगों का निराकरण नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी



कबीरधाम (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय छात्रावास अधीक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर छात्रावास एवं आश्रम अधीक्षकों की पांच सूत्रीय लंबित मांगों एवं छात्रावास संचालन से जुड़ी विभिन्न व्यावहारिक समस्याओं के निराकरण हेतु दिनांक 12 नवंबर 2026, गुरुवार को प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय सांकेतिक सामूहिक हड़ताल का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रदेशभर के छात्रावास एवं आश्रम अधीक्षकों ने अपनी मांगों के समर्थन में एकजुट होकर आंदोलन में सहभागिता की तथा शासन एवं प्रशासन का ध्यान अपनी लंबित समस्याओं की ओर आकर्षित कराया। संघ का कहना है कि छात्रावास अधीक्षक विद्यार्थियों के रहन-सहन, सुरक्षा, अनुशासन, भोजन, स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक वातावरण के सुचारु संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन उनके कार्य की प्रकृति के अनुरूप सेवा शर्तों, कार्य अवधि एवं आवश्यक सुविधाओं का अब तक समुचित निर्धारण नहीं किया गया है।

अधीक्षक संघ की पांच सूत्रीय प्रमुख मांगें

सेवा शर्तों एवं कार्य परिस्थितियों का निर्धारण: अधीक्षक संवर्ग की सेवा शर्तों का स्पष्ट निर्धारण करते हुए कार्य परिस्थितियों में सुधार किया जाए। अधीक्षकों के दैनिक कार्य घंटों का निर्धारण किया जाए तथा शासकीय अवकाश का स्पष्ट प्रावधान सुनिश्चित किया जाए। छात्रावास परिसर में 24 घंटे शारीरिक रूप से उपस्थित रहने की अनिवार्यता के स्थान पर कार्य की प्रकृति के अनुरूप व्यावहारिक ड्यूटी व्यवस्था लागू की जाए तथा निर्धारित कार्य समय के पश्चात ऑन-कॉल उपलब्धता का प्रावधान किया जाए।

ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को लेकर उरकुरा स्टेशन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन



रायपुर (विश्व परिवार)। दिनांक 13 नवंबर 2026 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन, इंजीनियरिंग तथा सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों के साथ उरकुरा स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई-

शंटिंग के दौरान बरती जानेवाली सावधानियां तथा स्टेबल लोड का सिक्योरिंग, स्पैड से बचाव एवं ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सेक्शन के भीतर रिलीफइंजन/ट्रेन के लिये आगे बढ़ने का प्राधिकार एवं ट्रेन के परिचालन के दौरान चालक, परिचालक द्वारा ली जाने वाली सावधानियाँ, इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा बरती जाने वाली शीतकालीन सावधानियां एवं निजी संरक्षा,पॉइंट्स एवं सिग्नल की विफलता के दौरान परिचालन एवं सिग्नल कर्मचारियों के द्वारा बरती जनेवाली सावधानियां, हाल ही में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण, तथा आग से बचाव एवं अग्निशामक यंत्र के उपयोग का प्रदर्शन। इस संरक्षा सेमिनार में श्री सुरेश चन्द्र, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी/रायपुर के साथ-साथ संरक्षा सलाहकारो ने संरक्षा सेमिनार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

गौवंश संरक्षण की व्यवस्था चौपट, सड़क सुरक्षा भगवान भरोसे, भाजपा सरकार पूरी तरह नाकाम



रायपुर। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने प्रदेश में आवारा पशुओं की बढ़ती समस्या और लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। भूपेश बघेल सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पशुपालन और गौवंश संरक्षण को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रदेश में 10 हजार से अधिक गोठानों का निर्माण कराया था। लेकिन भाजपा सरकार ने राजनीतिक दुर्भावना के चलते इन योजनाओं को बंद कर दिया। आज उसी अदूरदर्शी फैसले का खामियाजा प्रदेश की जनता अपनी जान जोखिम में डालकर भुगत रही है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि प्रदेश की सड़कें अब आवारा पशुओं का ठिकाना बन गई हैं। शहरों के चौक-चौराहों से लेकर गांवों की सड़कों तक मवेशियों का जमावड़ा लगा हुआ है।

छठ पूजा के उपलक्ष्य में जन-जन को दिया स्वच्छता का सकारात्मक सन्देश



रायपुर (विश्व परिवार)। छठ महापर्व की पूर्व तैयारियों के रूप में रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 10 के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लगभग 25 सफाई कामगारों की सहायता से एनजीओ ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर के पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों, स्थानीय रहवासियों के साथ मिलकर नगर निगम जोन 10 क्षेत्र अंतर्गत डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 52 क्षेत्र अंतर्गत अमलीडीह अपना गार्डन तालाब में घाटों की सफाई श्रमदान करते हुए की गयी और वार्ड पार्षद विनय निर्मलकर की अगुवाई में नगर निगम जोन 10 जोन कमिश्नर रूचि शर्मा के मार्गनिर्देशन और कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता आशीष श्रीवास्तव, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आदिव्य हजारी की उपस्थिति में जन-जन को स्वच्छता का सकारात्मक सन्देश दिया गया। सफाई श्रमदान अभियान छठ महापर्व की पूर्व तैयारियों के रूप में रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री चंद्राकर और आयुक्त श्री संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन स्तर पर नगर निगम जोन 10 स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थानीय रहवासियों, ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर एनजीओ के स्वयंसेवकों के साथ मिलकर चलाया गया।

शहरी पथ विक्रेताओं को ऋण लेकर व्यवसाय करने का सुनहरा मौका



■ प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ के लिये ऋण लेने ऑनलाईन आवेदन करने महापौर ने की अपील

राजनांदगांव (विश्व परिवार)। शहरी पथ विक्रंताओ को व्यवसाय करने के लिए आसानी से ऋण देकर आत्मनिर्भर बनाने भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित प्रधानमंत्री स्वनिधि स्ट्रीट वेंडर्स योजना छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित की जा रही है। योजना का क्रियान्वयन करने नगर निगम राजनांदगांव क्षेत्रांतर्गत निवासरत छोटे व्यवसायियों से भी ऑनलाईन आवेदन लिया जा रहा है। स्वयं के व्यवसाय के लिए ऋण लेकर आत्मनिर्भर बनने महापौर श्री मधुसूदन यादव ने आवेदन करने की अपील की है।

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ लेने निगम सीमाक्षेत्र के शहरी पथ विक्रेता एवं छोटे दुकानदारो द्वारा विभिन्न बैको से ऋण लेने ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजनांतर्गत बैको के माध्यम से तीन स्तर में प्रथम ऋण राशि 15 हजार रूपये, प्रथम ऋण अदायगी करने पर द्वितीय ऋण रूपये 25 हजार एवं द्वितीय ऋण अदायगी करने पर तृतीय ऋण राशि 50 हजार रूपये का ऋण देने का प्रावधान है। योजनांतर्गत ऋण पर हितग्राही द्वारा नियमित रूप से ऋण अदायगी करने पर बैक द्वारा ली जाने वाली ब्याज राशि में 7 प्रतिशत की राशि अनुदान के रूप में दिये जाने का प्रावधान किया गया है। द्वितीय एवं तृतीय किस्त के ऋण अदायगी करने वाले वेंडर्स को 30 हजार रूपये का क्रेडिट कार्ड प्रदान करने हेतु ऑनलाईन आवेदन करने एवं बैंको के माध्यम से केडिट कार्ड प्राप्त करने की अपील की जा रही है।

योजना आरंभ से वर्तमान तक ऋण प्रकरणो में प्रथम ऋण राशि 15 हजार रूपये के लिए 2208 लोगो को, द्वितीय ऋण रूपये 25 हजार के लिए 628 लोगो को एवं तृतीय ऋण राशि 50 हजार रूपये के लिए 150 लोगो को ऋण प्रदान किया गया है, इस तरह कुल 2986 पथ विक्रेताओ एवं छोटे दुकानदारो को विभिन्न बैंको के माध्यम से ऋण की अदायगी की जा चुकी है। उक्त वेंडर्स को अब तक 4.66 करोड का ऋण एवं 12 लाख रूपये की ब्याज अनुदान राशि प्रदान की जा चुकी है एवं वेंडर्स को 7 लाख रूपये का डिजिटल लेन देन करने पर क्रेस बैक भुगतान किया गया है। निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न बैंको में 719 प्रकरण स्वीकृत एवं वितरण किये जाने हेतु लंबित है।

इस संबंध में आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने बताया कि निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न बैको में लंबित प्रकरणो पर बैंको को ऋण की स्वीकृति एवं वितरण करने हेतु निर्देशित किया गया है। यह योजना छोटे दुकानदारो एंव गरीबो के लिए लाभकारी तथा आर्थिक व वित्तीय सुविधा पहुचाने में बहुत मददगार साबित हो रही है। योजना का लाभ लेने नजदीकी च्वाईस सेन्टर एवं कम्प्यूटर दुकानों में ऋण लेने हेतु ऑन लाईन आवेदन कर सकते है।

आयुक्त ने छठ महापर्व पूर्व तैयारियों का शीतला तालाब में किया निरीक्षण

रायपुर। रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त संबित मिश्रा ने रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 1 क्षेत्र अंतर्गत वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक 16 क्षेत्र अंतर्गत शीतला तालाब खमतराई की सफाई व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का छठ महापर्व की पूर्व तैयारियों का वहाँ पहुंचकर प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। आयुक्त संबित मिश्रा ने शीतला तालाब खमतराई के निरीक्षण के दौरान नगर निगम जोन 1 जोन अध्यक्ष और वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक 16 केपार्षद गज्जू साहू और शीतला तालाब खमतराई छठ महापर्व आयोजन समिति के सम्बंधित पदाधिकारियों से छठ महापर्व की पूर्व तैयारियों और शीतला तालाब खमतराई की सफाई व्यवस्था और अन्य आवश्यक प्रबंध को लेकर चर्चा कर जानकारी प्राप्त की और इस सम्बन्ध में स्थल निरीक्षण के दौरान रायपुर नगर पालिक निगम अपर आयुक्त स्वास्थ्य विनोद पाण्डेय और जोन 1 जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर और कार्यपालन अभियंता द्रोनी कुमार पैकरा और जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन को शीतला तालाब खमतराई में छठ महापर्व पूर्व तत्काल प्राथमिकता के साथ सफाई, पेयजल और स्ट्रीट लाईट प्रबंधन सहित आवश्यक प्रबंध प्राथमिकता से सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए।



कबीरधाम पुलिस में COP OF THE MONTH अक्टूबर माह के तहत 05 अधिकारी-कर्मचारी चयनित



कवर्धा (विश्व परिवार)। अपराधों की विवेचना एवं आरोपियों की गिरफ्तारी से लेकर चोरी की संपत्ति बरामदगी, साइबर अपराधों के खुलासे, आदतन बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही और संकट की घड़ी में व्यक्ति की जान बचाने तक उत्कृष्ट पुलिसिंग का प्रदर्शन।

कबीरधाम। जिले के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों में बेहतर कार्य करने की प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देने तथा उत्कृष्ट पुलिसिंग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कबीरधाम पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार यादव (आई.पी.एस.) द्वारा प्रारंभ की गई पहल COP OF THE MONTH के तहत अक्टूबर 2026 माह के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले 05 अधिकारी-कर्मचारियों का चयन किया गया है।

अक्टूबर माह में अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य एवं बेहतर परिणाम देने वाले थाना कवर्धा के निरीक्षक लालजी सिन्हा, साइबर थाना के निरीक्षक उमाशंकर राठौर, थाना कवर्धा पैंथर-2 के आरक्षक क्रमांक 20 राजेन्द्र सिन्हा तथा साइबर थाना के आरक्षक क्रमांक 650 पूरन डाहिरे एवं आरक्षक क्रमांक 374 अमित ठाकुर को COP OF THE MONTH के लिए चयनित किया गया है।

थाना सिटी कोतवाली कवर्धा के निरीक्षक लालजी सिन्हा द्वारा थाना प्रभारी के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए उल्लेखनीय कार्य किया गया। इनके द्वारा कुल 197 अभियोग पत्र तैयार किए गए तथा 30 गुम इंसानों की दस्तयाबी की गई। इसके अतिरिक्त 490 लोकल शिकायतों एवं 82 सदरी शिकायतों का निराकरण किया गया।

इसी प्रकार क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से 35 आदतन बदमाशों के विरुद्ध धारा 170/126, 135(3) एवं 129 बी.एन.एस. के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। इनमें से 19 आदतन बदमाशों को जेल भेजने की कार्यवाही की गई। अपराधों के निराकरण, शिकायतों के त्वरित समाधान एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही में उनके उल्लेखनीय योगदान के आधार पर निरीक्षक लालजी सिन्हा का चयन COP OF THE MONTH के लिए किया गया है।

साइबर थाना के निरीक्षक उमाशंकर राठौर द्वारा साइबर अपराधों की विवेचना में तकनीकी दक्षता एवं सक्रियता का परिचय देते हुए महत्वपूर्ण कार्य किया गया।



छठ पर्व, एकादशी, एवं प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं



गोपाल सिंह विद्रोही
वरिष्ठ पत्रकार एवं ब्यूरो चिफ
विश्व परिवार - जिला सूरजपुर

दीपावली, महापर्व छठ एवं एकादशी पर्व की समस्त क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



कोयलांचल विश्रामपुर का लोकप्रिय रेडीमेड वेस्टन का विश्वसनीय प्रतिष्ठान

परिधान हाउस

मेन रोड बिश्रामपुर छत्तीसगढ़

प्रो-मनोज बंसल (टीनू)

दीपावली, महापर्व छठ एवं एकादशी पर्व की समस्त क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



रमेश अग्रवाल राज

विद्युत उपकरणों का फुटकर एवं थोक एकमात्र विश्वसनीय प्रतिष्ठान

राज इलेक्ट्रिकल्स


मेन रोड बिश्रामपुर, छत्तीसगढ़

विद्युत उपकरण के सप्लायर एवं ठेकेदार





शुभ दीपावली, महापर्व छठ, देव एकादशी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



सोनम ज्वेलर्स

शुद्ध सोने, चांदी हॉलमार्क आदि आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

मेन रोड बिश्रामपुर, छत्तीसगढ़







राकेश स्वर्णकार
संचालक



शुभ दीपावली, महापर्व छठ, देव एकादशी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

JAMCCO MINING ENGINEERING
BISHRAMPUR DIST. SURAJPUR CG



सरदार मनजीत सिंह भामरा
PROPRIETOR



दीपावली एवं पवित्र छठ की समस्त कोयलांचल वासियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं



रितेश जायसवाल, (अध्यक्ष)
नगर पंचायत शिवनंदनपुर
सूरजपुर, छत्तीसगढ़



दीपावली एवं पवित्र छठ की समस्त कोयलांचल वासियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं



निर्मल साहू (युवा व्यवसायी)
केनापारा बिश्रामपुर
सूरजपुर छत्तीसगढ़

फिक्स चिमनी भट्ठा से किफायती दरों पर ईट के विक्रेता



दीपावली एवं पवित्र छठ की समस्त कोयलांचल वासियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं



उदय सिंह (वरिष्ठ ठेकेदार),
एस ई सी एल, विश्रामपुर,
सूरजपुर, छत्तीसगढ़



दीपावली, महापर्व छठ एवं एकादशी की क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं



मनोज राम चंद्र गोयल
P W D एवं S E C ठेकेदार
बिश्रामपुर सूरजपुर छत्तीसगढ़